विद्यालय का नाम : .....

द्वितीय आकलन (SA-2) — सत्र : 2026-27

कक्षा : 4 **विषय : पर्यावरण अध्ययन** **दिनांक :** .....

नाम : ..... **रोल नंबर :** .....

सभी प्रश्न हल करो। शिक्षक निर्देश पढ़कर सुना सकते हैं।

1. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।

1. निशांत के परिवार में ..... लोग रहते थे। (26 / 10)
2. गाँव की सड़कों पर ..... लाइटें थीं। (सोलर / तेल)
3. परागण में ..... मदद करती हैं। (तितलियाँ / मछली)
4. प्रकाश रुकने पर पीछे ..... बनती है। (छाया / धूप)
5. पोखरण में ..... परीक्षण हुआ। (परमाणु / जल)
6. राजस्थान में कुल ..... जिले हैं। (41 / 25)

2. चित्र देखकर सही मिलान करो।



बरगद के बीज व पक्षी



हवा में उड़ते आक के बीज

3. सही विकल्प चुनकर ✓ लगाओ।

अक्षय तृतीया पर बनता है : ☐ खीच-राब ☐ केक

बिना जड़ की बेल है : ☐ अमरबेल ☐ नीम

जातरुओं का भोजन स्थल : ☐ रामरसोड़ा ☐ होटल

पुस्तक का आकार है : ☐ चौकोर ☐ गोल

4. कथन पढ़कर (सही) या (गलत) लिखो।

1. सभी पेड़-पौधों की पत्तियाँ एक जैसी होती हैं। [.....]
2. गंदगी से मलेरिया और डेंगू फैलते हैं। [.....]
3. ऊँट के पैर गद्दीदार होते हैं। [.....]
4. पहले लोग मोबाइल फोन से बात करते थे। [.....]
5. राणा पूंजा ने महाराणा प्रताप की मदद की। [.....]

5. नक्शा देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखो।



(i) नक्शे के उत्तर में क्या हैं? : ..... (पहाड़ / सड़क)

(ii) बस किस पर चल रही है? : ..... (सड़क / नदी)

6. व्यवसाय और कार्य का मिलान करो।

स्तंभ (अ)	स्तंभ (ब)
1. किसान	(क) लकड़ी का फर्नीचर
2. कुम्हार	(ख) मरीजों का उपचार
3. बढ़ई	(ग) खेत में फसल उगाना
4. डॉक्टर	(घ) पंचायत के विकास कार्य
5. सरपंच	(ङ) मिट्टी के घड़े बनाना

कक्षा 4 | विषय : पर्यावरण अध्ययन | SA-2

7. चित्र देखकर सही पर ✓ लगाओ।



☐ छाया की आकृतियाँ ☐ कागज की नाव

8. पुराने और नए साधनों को छाँटकर लिखो।

[बैलगाड़ी, मेट्रो, चूल्हा, गैस, पत्र, मोबाइल]

1. पुराने परिवहन व संचार : .....
2. नए परिवहन व संचार : .....
3. पहले का चूल्हा : .....
4. आजकल का चूल्हा : .....

9. एक पंक्ति में प्रश्नों के उत्तर लिखो।

(i) बिना दुकानदार की दुकान का क्या नाम था?

.....

(ii) छाया बनने के लिए क्या आवश्यक है?

.....

(iii) डूबते व्यक्ति को बचाने हेतु क्या फेंकेंगे?

.....

(iv) बंधेज और लहरिया किसकी प्रसिद्ध कला है?

.....

10. चित्र देखकर खाली स्थान भरो।



गाँव के विकास हेतु ..... बैठक होती है। (पंचायत / बैंक)

11. समूह से अलग शब्द छाँटकर लिखो।

1. बबूल, खेजड़ी, रोहिड़ा, कमल : .....
2. चंबल, बनास, लूनी, हिमालय : .....
3. आमेर, चित्तौड़गढ़, मेहरानगढ़, साइकिल : .....
4. प्रणामासन, भुजंगासन, दंडासन, क्रिकेट : .....
5. सुई, रुई, पट्टी, हथौड़ा : .....

12. विभिन्न आकृतियों के चित्र में रंग भरो।



शिक्षक की टिप्पणी : ..... हस्ताक्षर : .....